Regarding restoration of train services suspended during Covid-19 in Bijnor Parliamentary Constituency and other railway related issues in Uttar Pradesh-Laid

श्री चंदन चौहान (बिजनौर) : पुरकाजी विधानसभा के रोहाना कलां रेलवे स्टेशन पर वर्ष 1940 से नियमित रूप से प्रमुख रेलगाड़ियों का ठहराव होता रहा है, परंतु कोरोना काल के पश्चात यह ठहराव बंद कर दिया गया, जिससे आमजन को अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । अतः मैं माननीय रेलमंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि

दिल्लीअंबाला (14521/14522)

साबरमतीऋषिकेश (19031/19032)

दिल्लीहरिद्वार (14303/14304)

इन सभी उपरोक्त गाड़ियों का ठहराव पुनः रोहाना कलां स्टेशन पर पूर्ववत् पुनर्स्थापित करने की कृपा करें । कोटद्वारनई दिल्ली के बीच एक नई एक्सप्रेस ट्रेन चलाई जानी अत्यंत आवश्यक है । इस मार्ग पर प्रतिदिन लगभग 50 लाख से अधिक आबादी कार्य हेतु आवागमन करती है ।

प्रस्तावित मार्ग कोटद्वार → नजीबाबाद → मौजमपुर → किरतपुर → बिजनौर → हल्दौर → चांदपुर → घरौंडा मंडी → गजरौला जंक्शन → हापुड़ → गाज़ियाबाद → शाहदरा → दिल्ली ।

यह एक्सप्रेस ट्रेन जनहित में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी, चंदक रेलवे स्टेशन पर 13151/13152 का ठहराव तथा सहारनपुरलखनऊ (54251/54252) ट्रेन सेवा भी कोरोना काल के बाद पुनः शुरू नहीं की गई है ।

चंदक रेलवे स्टेशन बिजनौर उत्तर प्रदेश के पश्चिम फाटक 495/B के ऊपर फ्लाइओवर की अति आवश्कता है, दौरालाहस्तिनापुरबिजनौरविदुरकुटी को जोड़ने वाली प्रस्तावित रेल लाइन क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग है । यह लाइन पर्यटन, औद्योगिक विकास तथा स्थानीय रोजगार को अत्यधिक बल देगी । यह रेलवे लाइन कब तक पूर्ण होगी ।

चांदपुर नगर में 2 फाटक हैं जिन पर फ्लाइओवर की आवश्यकता है । पुरकाजी विधानसभा के ग्राम बहेड़ी के पास रेलवे क्रासिंग पर फ्लाइओवर की आवश्यकता है ।